समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 12 September 2026

# 2027 वर्ल्ड कप से पहले वैभव सूर्यवंशी को ODI टीम मे मौका देने की मांग, रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग कराने की सलाह

Sanket Morankar
Published on 27 Jul 2026



भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज **फारुख इंजीनियर** ने टीम इंडिया के मुख्य चयनकर्ता **अजीत अगरकर** को बड़ी सलाह देते हुए कहा है कि युवा बल्लेबाज **वैभव सूर्यवंशी** को जल्द ही वनडे टीम में शामिल किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि 2027 वनडे विश्व कप की तैयारी के लिए सूर्यवंशी को **रोहित शर्मा** के साथ पारी की शुरुआत करने का मौका दिया जाना चाहिए।

फारुख इंजीनियर ने कहा कि मौजूदा समय में शुभमन गिल भारत के बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं और उन्हें नंबर-4 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उनके अनुसार, रोहित शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की बाएं-दाएं हाथ की ओपनिंग जोड़ी टीम के लिए अधिक प्रभावी साबित हो सकती है।

उन्होंने कहा, “**अगर रोहित शर्मा खेल रहे है तो उन्हे वैभव सूर्यवंशी के साथ ओपनिंग करनी चाहिए। शुभमन गिल नंबर-4 पर बल्लेबाजी करे और विराट कोहली नंबर-3 पर आएं। इससे भारत का बल्लेबाजी क्रम और मजबूत होगा।**”

हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में **15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी** ने शानदार प्रदर्शन करते हुए **151 रन** बनाए और दो अर्धशतक जड़े। इसी प्रदर्शन के लिए उन्हें ‘**प्लेयर ऑफ द सीरीज**’ चुना गया।

फारुख इंजीनियर का मानना है कि सूर्यवंशी ने अब वनडे टीम में जगह पाने का पूरा अधिकार हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि वनडे और टी20 बल्लेबाजी में बहुत बड़ा अंतर नहीं है और यदि कोई बल्लेबाज लगातार रन बना रहा है तो उसे बड़े प्रारूप में भी मौका मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा, “**यह सही समय है कि वैभव सूर्यवंशी को भारत की वनडे टीम मे शामिल किया जाए। वह टीम को तेज शुरुआत दिला सकते है और कई मैच जिता सकते है।**”

पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा कि सूर्यवंशी जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी को जरूरत से ज्यादा तकनीकी बदलाव सिखाने की बजाय

उसकी प्राकृतिक बल्लेबाजी शैली को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने उनकी तुलना महान बल्लेबाज **विवियन रिचर्ड्स** से करते हुए कहा कि ऐसे खिलाड़ी अपने स्वाभाविक खेल से ही मैच जिताने की क्षमता रखते हैं।

फारुख इंजीनियर ने विश्वास जताया कि यदि भारतीय

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.